DEPARTMENT OF MICROBIOLOGY
GOVT. V.Y.T. PG AUTONOMOUS COLLEGE, DURG

Corona Pe Charcha (A discussion on Corona): An awareness video as social responsibility during Covid-19

सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा विश्वव्यापी महामारी कोविड–19 के दौरान सामाजिक उत्तरदायित्व का संपादन

महाविद्यालय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा विश्वव्यापी महामारी कोविड–19 के लॉक डाउन के दौरान अपने विषय की लोकप्रियता एवं सामान्य जन तक पहुंचाने के लिये अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के दृष्टिकोण से प्रमुख कार्यों को संपादित किया।

कोरोना पे चर्चा : विभाग के स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर विद्यार्थियों ने अभिनव प्रयोगात्मक कार्य के रूप में कोरोना पे चर्चा नामक एनिमेशन विडियो क्लिप तैयार की, जिसमें वार्तालाप गतिविधि (Role Play) को प्रस्तुत किया गया। विडियों में कोरोना वायरस एवं एक डॉक्टर के बीच प्रस्तुत परिचर्चा में जहां एक ओर कोरोना वायरस ने अपनी उत्पत्ति, फैलाव एवं तीव्रता से अवगत कराया वहीं डॉक्टर साहब ने उसके बचाव, उपचार एवं निवारण को समझाया। विडियो में कोरोना वायरस संक्रमण की क्रियाविधि, स्वस्थ शरीर में उसके प्रभाव एवं स्वप्रतिरक्षा तंत्र की कार्यप्रणाली को भी प्रस्तुत किया गया। विडियों की परिकल्पना विभागाध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी एवं सहायक प्राध्यापक कु. अनामिका शर्मा की थी। सामाग्री लेखन एवं पार्श्व स्तर हेतु स्नातकोत्तर विद्यार्थी आशीष यादव, योगिता लोखंडे, वाय योशी, योगेश बोकाड़े, तिलेश्वरी साहू, स्नेहल पिल्लै एवं छाया साहू का सहयोग प्राप्त हुआ।